हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | सेलूद | अहिवारा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।


पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## निधन

### भीखम लाल पाल



भिलाई। पुलिस पेट्रोल पंप के पीछे नेहरू नगर भिलाई-3 निवासी भीखम लाल पाल 74 वर्ष का निधन 14 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 दिसंबर को नूतन चौक एकता नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जानकी पाल के पति एवं भाजपा नेता तेजस पाल के पिता थे।

### रघुवीर सिंह



भिलाई। स्मृति नगर निवासी रघुवीर सिंह का निधन 15 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### चैती बाई साहू



अंडा। ग्राम आमटी निवासी चैती बाई साहू 85 वर्ष का निधन 15 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे तीजऊ राम, गरिबा, मदन लाल साहू के मां व डॉ. एनके साहू की नानी थीं।

### पद्मा पांडेय



भिलाई। बाजार चौक भिलाई-3 निवासी पद्मा पांडेय 88 वर्ष का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भिलाई-3 एकता नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भिलाई-3 चरोदा सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के संरक्षक पं. जगदीश प्रसाद पांडेय की पत्नी, मंजू शर्मा की मां, सत्यनारायण शर्मा की सास, कौशलेंद्र शर्मा और नीलिमा शर्मा की नानी थीं।

## कौन करे हितों और अधिकारों की आवाज बुलंद

# लीडरशिप के लिए तरस रहे औद्योगिक क्षेत्र के हजारों असंगठित श्रमिक, 20 साल से सक्रिय नहीं कोई यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के सैकड़ों ठेका मजदूरों पर श्रमिक संगठनों की उदासीनता भारी पड़ रही है। पिछले दो दशकों से क्षेत्र में मजदूर एक अदद यूनियन के लिए तरस रहे हैं। नेतृत्व के अभाव में श्रमिकों की कई समस्याएं लंबित होने से उनमें असंतोष बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में तीन सौ से अधिक उद्योग हैं। इनमें लघु, सहायक, मध्यम उद्योगों सहित हैवी इंडस्ट्री शामिल हैं। इन उद्योगों में करीबन पचास हजार श्रमिक काम करते हैं। इनमें पचास फीसदी यानी 20 से 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। लेकिन पिछले बीस साल से ठेका मजदूरों को संगठित करने की समस्या बनी हुई है। इस कारण मजदूरों के हितों और अधिकारों की रक्षा करना एक चुनौती बनी हुई है। लिहाजा उनकी वेतन बढ़ोत्तरी, भत्ते, बोनस आदि कई समस्याओं का निदान वर्षों से नहीं हुआ है। मजदूरों के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र में पिछले बीस साल से ऐसी कोई यूनियन नहीं है, जो उनके हितों और अधिकारों की रक्षा कर सके। गौरतलब हो कि दो दशक पूर्व तक औद्योगिक क्षेत्र में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा और एटक यूनियन सक्रिय थी। छमुमो की सक्रियता से उद्यमियों पर मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए सदैव दबाव बना रहता था। मजदूरों को स्थाई करने और अन्य हितों के लिए लंबे और बड़े आंदोलन चला करते थे। लेकिन छमुमो के संस्थापक और महासचिव शंकर गुहानियोगी की 1991 में हत्या के बाद छमुमो यूनियन बिखर कर कमजोर हो गई। वर्तमान में ऐसी कोई यूनियन नहीं है जो यहां के सैकड़ों असंगठित श्रमिकों को संगठित कर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष कर सके। इसका खामियाजा ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है।

### कई मजदूरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन और भत्ता



### बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल

औद्योगिक क्षेत्र में स्थित श्रमिक बस्तियों का भी हाल बेहाल है। बस्तियों में रहवासी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। छावनी, राजीवनगर, गुरु घासीदास नगर, जामुल, हथखोज, इंदिरा नगर आदि श्रमिक बस्तियों में पानी, बिजली, सड़क, गंदगी, धूल, खटाल आदि समस्याएं बजबजा रही हैं।

### वेतन और बोनस के लिए भी संघर्ष

औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों में काम करने वाले सैकड़ों मजदूरों को बदहाली का जीवन गुजारना पड़ रहा है। मजबूत नेतृत्व और यूनियन के अभाव में उन्हें कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खासकर एसएमईएस मजदूर बदहाली चरम पर है। कुशल, अकुशल और अर्धकुशल मजदूरों को वेतन, डीए,बोनस और आदि समस्याओं के लिए तरसना पड़ रहा है। मजदूरों ने बताया कि आवासीय, सेफ्टी, कैंटीन, व्हीकल एलाउंस नहीं मिल रहा है। वर्षों से काम करने के बाद भी कई मजदूरों को नियमित नहीं किया गया है।

### हितों के लिए मजबूत यूनियन की जरुरत

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के उद्योगों में काम करने वाले सैकड़ों असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के हितों और हकों के लिए संघर्ष करने एक मजदबूत श्रमिक संगठन की बहुत जरुरत है। यहां के बड़े उद्योगों के साथ लघु और सहायक उद्योगों में ठेका श्रमिक वर्षों से वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए मोहताज हैं। यूनियन की कमी से उद्यमियों के हौसले बुलंद हैं।

**बृजेंद्र तिवारी,** प्रांतीय महासचिव, एक्टू छग

# सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा केएच टाइनी टाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केएच मेमोरियल स्कूल की चौथी शाखा केएच टाइनी टाट का रविवार को दुर्ग के मालवीय नगर में भव्य शुभारंभ किया गया। बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चों के साथ उद्घाटन अवसर पर पहुंचे और दाखिले को लेकर उत्साह दिखाया। उल्लेखनीय है कि केएच मेमोरियल स्कूल की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी। जवाहर नगर भिलाई स्थित इस संस्थान से पढ़े कई छात्र आज सरकारी और निजी क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। मालवीय नगर में शुरू हुई केएच टाइनी टाट शाखा को दुर्ग का प्रीमियम प्री-प्राइमरी स्कूल माना जा रहा है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक यह स्कूल शिक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन करता है। यहां बच्चों को पारंपरिक चॉक और बोर्ड पद्धति तक सीमित न रखकर एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के माध्यम से पढ़ाया जाएगा, जिससे उनकी नींव मजबूत हो सके। स्कूल का डिजाइन बेंगलुरु के आर्किटेक्ट द्वारा तैयार किया गया है, जो आधुनिक और बच्चों के अनुकूल है। एमपी थिएटर, टीएफ ज़ोन और बड़े शेड जैसी सुविधाएं परिसर को खास बनाती हैं। ये सभी सुविधाएं प्री-प्राइमरी बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाएंगी। स्कूल की डायरेक्टर सृष्टि झा उच्च शिक्षित हैं। उन्होंने अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु से शिक्षा प्राप्त की है और अपने करियर की शुरुआत सेलम के एक इंटरनेशनल स्कूल से की। उनके मार्गदर्शन में केएच टाइनी टाट में मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया है। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन केके झा, केएच मेमोरियल स्कूल की डायरेक्टर विभा झा, निश्चय झा सहित अन्य शिक्षाविदों के प्रयासों से स्कूल में अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। केएच टाइनी टाट को आईएसओ प्रमाणन भी प्राप्त हो चुका है। मालवीय नगर दुर्ग स्थित केएच टाइनी टाट बच्चों की शुरुआती शिक्षा को मजबूत आधार देने और सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उद्घाटन समारोह में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

■ शिक्षा के क्षेत्र में केएच मेमोरियल का एक और पहल

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : टंकराम वर्मा




दुर्ग। शिक्षा, शोध एवं सामाजिक दायित्व के प्रति अपने संकल्प को साकार करते हुए भारती विश्वविद्यालय दुर्ग ने अपना प्रथम दीक्षांत समारोह अत्यंत गरिमामय, भव्य एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया। यह अवसर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक इतिहास में एक मील का पत्थर के बतौर स्थापित हो गया।

समारोह का आरंभ राष्ट्रगान, राज्य गीत और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन से हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा थे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. व्ही के गोयल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग उपस्थित रहे। रजनी बघेल, सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, होलिस्टीक फाउन्डेशन की चेयर परसन दिशा चंद्राकर सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि समारोह की शोभा बढ़ाने उपस्थित रहे।

इस ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उपाधियां प्रदान की गईं, कुल 85 शोधार्थियों को पीएचडी, 215 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 335 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियां प्रदान कर उन्हें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अग्रसित होने कुलपति डॉ. प्रोफेसर बीएन तिवारी द्वारा दीक्षित किया गया। उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, लोगो, विश्वविद्यालय ध्वज एवं कुलगीत का विधिवत अनावरण किया गया, जो विश्वविद्यालय की पहचान, मूल्यों एवं भावी दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है। समारोह के दौरान शिक्षा विशेषकर शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि "शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है,भारती विश्वविद्यालय ने अल्प समय में जिस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में प्रगति की है, वह प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय भविष्य में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा।" उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया।उन्होने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा आर्टिफिशल इन्टेलिजेन्स को अपनाने और उसके स्वान्गिकरण पर विशेष जोर दिया । कार्यक्रम का कुशल एवं अनुशासित संचालन रजिस्ट्रार डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, संयुक्त प्रबंध संचालक द्वय शालिनी चंद्राकर, जय चंद्राकर, सीईओ प्रभजोत भुई, डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू , डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक भट्ट, डॉ. अनिल दुबे , डॉ. मानस रंजन होता तथा विश्वविद्यालय निर्देशक रजनीश चंद्राकर, संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति अभियान में निकाली रैली




कुम्हारी। ओजस समाज सेवा समिति की ओर से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शासकीय पीएमश्री प्राथमिक शाला रूआबांधा स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकाली गई। समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशे का दुष्प्रभाव रोकने शराब ही नहीं बल्कि बीड़ी, गुटका, तंबाकू, गांजा, सिगरेट जैसी हानिकारक चीज़ों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। अभियान में प्रधान पाठिका ज्ञानेश्वरी मिश्रा, संध्या पाठक, नागेन्द्र मरावी, प्रीती वामन एवं सुधा का सहयोग रहा। ओजस समिति की संरक्षक दुर्गा अधिकारी ने बच्चों को शपथ दिलाई। सह अध्यक्ष सुषमा सिंह, अर्चना सर्राफ़, प्रणिता शर्मा, अल्का शर्मा, रचना सिंह, संजय सिंह, प्राची सिंह, सामली सोनी, संजू शुक्ला एवं सुनीता सिंह आदि उपस्थित थे।

## ईश्तहार

वर्तमान में गर्व शिक्षण संस्थान पंजीयन क्रमांक 1358 के सभी सदस्यों के पूर्ण अंशदान की राशि का भुगतान हो जाने के पश्चात वर्तमान में नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। अतः गर्व शिक्षण संस्थान का वर्तमान नाम मैत्री शिक्षण संस्थान किया जाना है।

इस संबंध में यदि किसी को भी कोई दावा / आपत्ति हो तो 8 दिवस के अन्दर निम्नानुसार संपर्क कर सकते हैं-

1. **राधेश्याम कौशिक एडव्होकेट मो. नं. - 9754076877**
2. **व्ही. के. त्रिपाठी एडव्होकेट मो. नं. - 7583838639**

### चिंगरी में गुरु घासीदास जयंती 18 को

अंडा। ग्राम चिंगरी भाठापारा में 18 दिसंबर को युवा शक्ति समिति चिंगरी भाठापारा के द्वारा गुरू घासीदास जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रोग्राम लोक रंजनी रायपुर का आयोजन रखा गया है व गुरु घासीदास की जयंती ध्वजारोहण में मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, बेला यादव सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, टिकेश्वरी लाल देशमुख पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, भूषण देशमुख उपसरपंच ग्राम चिंगरी, पुष्पा देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम चिंगरी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी समिति के सदस्य दीपक कुमार सूर्यवंशी ने दी।

### डूमरडीह में आज निकाली जाएगी जय सतनाम शोभायात्रा

उतई। बाबा गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष्य में 16 दिसंबर को जय सतनाम युवा संदेश डूमरडीह व सर्व सतनामी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। यह शोभायात्रा ग्राम पंचायत डूमरडीह में पूजा-अर्चना करने के बाद नगर पंचायत उतई डूमरडीह स्थित मिनीमाता चौक से समाज के प्रमुख गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वेत ध्वज दिखाकर आरंभ किया जाएगा।

**// न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) ॥**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक /3323 / प्र.01 /अ.वि.अ./2025
पाटन, दिनांक 11.12.2025

प्रति,

1. तारकेश्वर कश्यप पिता कोदूराम कश्यप निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
2. अश्वनी कुमार डड़सेना पिता गंभीर राम डड़सेना निवासी मोतीपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) हाल मुकाम अमरपुरी चौक, सुन्दर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

विषय :- प्रकरण की सुनवाई में उपस्थित होने बाबत्। पेशी दिनांक 26.12.2025

आपको इस समाचार पत्रिका प्रकाशन के जरीये सूचित किया जाता है कि इस न्यायलय के लंबित अपील प्रकरण क्रमांक 202508100600022-अ/6 वर्ष 2024-25 पक्षकार सुनेर सिंह ठाकुर पिता घसिया सिंह निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) विरुद्ध तारकेश्वर कश्यप पिता कोदूराम कश्यप निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.), अश्वनी कुमार डड़सेना पिता गंभीर राम डडसेना निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग, हालमुकाम अमरपुरी चौक, सुन्दर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 26.12.2025 को नियत है। उक्त तिथि को आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित नही होने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसके लिये आप स्वतः जिम्मेदार होंगे।

आज दिनांक 11.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

(मुहर)

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# आत्मनिर्भर भारत से सशक्त व्यापारी की ओर एक निर्णायक पहल



भिलाई। कैट कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 दिसम्बर को दुर्ग में आयोजित होने वाली स्वदेशी रथ यात्रा एवं उसके समापन समारोह को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। यह यात्रा स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय व्यापार सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। इसी क्रम में कैट एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्वदेशी रथ यात्रा एवं समापन कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए औपचारिक निमंत्रण सौंपा। कैट दुर्ग इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने इस अवसर पर कहा कि स्वदेशी रथ यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यापारी समाज और आम जनता को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने का जन-आंदोलन है। आज जब वैश्विक प्रतिस्पर्धा तेज़ है, तब स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर ही स्थानीय व्यापार को मजबूत किया जा सकता है। स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि स्वदेशी रथ यात्रा का मूल उद्देश्य यह संदेश देना है कि जब देश का नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदेगा, तभी देश का उद्योग, व्यापार और रोजगार आगे बढ़ेगा। इस प्रतिनिधि मंडल में कैट दुर्ग इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला, स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत के सह-समन्वयक संजय चौबे, कैट चेयरमैन पवन बडजात्या, युवा इकाई अध्यक्ष रवि केवलतानी, स्वावलंबी भारत अभियान दुर्ग जिला समन्वयक गीतेश साव, प्रकाश गोलछा, दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन, हरीश श्री श्रीमाल, मोहम्मद अली हिरानी, प्रिंस कबरवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी पदाधिकारियों ने व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों, महिला उद्यमियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे 20 दिसम्बर को दुर्ग में आयोजित स्वदेशी रथ यात्रा एवं समापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें।

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 09.4 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025



12 सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा केएच टाइनी टाट


16 अभाविप के 58वें प्रदेश अधिवेशन की तैयारियों का हुआ शुभारंभ





## खबर संक्षेप

### 18 को समस्त मांस-मटन की दुकानें रहेगी बंद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें 18 दिसम्बर गुरुवार को गुरू घांसीदास जयंती के अवसर पर बंद रखी जाएगी।

### राष्ट्रीय अधिवेशन 19 से

**भिलाई।** आल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी ऑफ़ गोरखपुर , गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 19 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महबूब जान, छत्तीसगढ़ के केंद्रीय प्रतिनिधि संजय गुप्ता, तथा राज्य सचिव एबीसन वर्गीस करेंगे। छत्तीसगढ़ से 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस अधिवेशन में भाग लेने जा रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

### जिले में अपराधों का बढ़ा ग्राफ, थाने से कुछ दूरी पर मिला था शव

# महिला के शव की 48 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं, एसीसीयू फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बोरे में बंद महिला का लाश मिले 48 घंटे का समय बीत गया, लेकिन एसीसीयू और सुपेला पुलिस मिलकर महिला की शिनाख्त नहीं कर पाई है। महिला के हाथ में महादेव, सुरेश, लखन और बीएम, आरती गोदा हुआ है। सुपेला थाने से कुछ दूरी पर मिला महिला का शव पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। लोग पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला की उम्र 30-35 साल की है। पुलिस जिले व दूसरे जिलों के सभी थानों में लापता महिला की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। हकीकत यह है कि पुलिस हाथ एक भी सुराग नहीं लगा है। जिले की एसीसीयू की टीम भी पूरी तरह लगातार जिले में अपराध बढ़ने से अंकुश नहीं लगा पा रही है। महिला के शव की शिनाख्त तक नहीं हो पाई है।



सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र में भी अपराध अनकंट्रोल हो चुका है। चोरी, मारपीट समेत कई वारदात बेखौफ हो रहें है। महिला के शव की शिनाख्त के लिए एसीसीयू समेत तीन अलग-अलग टीम जांच में जुटी हुई हैं। बावजूद पुलिस के हाथ पूरी तरह से खाली है। चंद्रा-मौर्या टाकिज के पास जहां महिला का लाश मिला है लोगों का आना जाना लगातार रहता है, लेकिन महिला के शव को लाकर किसने फेंका इसको लेकर कुछ पता नहीं चल पाना पुलिलिंग पर सवाल खड़ा कर रहा है।

### सीसीटीवी कैमरों से भी नहीं मिला सुराग

एसीसीयू की टीम लगातार सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है, लेकिन कुछ खास सफलता हासिल नहीं हो पाई है। संदेह जताया जा रहा है कि महिला को दूसरे जगह मारकर साक्ष्य छिपाने के लिए यहां बोरे में बंद कर फेंका गया होगा। आरोपी मिलने के बाद ही सारे संदेह से पर्दाफाश हो पाएगा। महिला के दोनों हाथ पैर में लोहे का रिंग है। दांए कॉन में टाप्स, फिरोजा रंग का पेटीकोट है। साथ ही महिला के बांए हाथ में 7 स्टार बना हुआ है।

### खोजबीन जारी है

शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। तीन टीमें खोजबीन में जुटी हुई हैं। बारिकी से जांच की जा रही है। लापता लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**- सत्यप्रकाश तिवारी,** सीएसपी भिलाई नगर

# जमीन फर्जीवाड़ा मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जमीन फर्जीवाड़ा करने के मामले में पांच साल से फरार आरोपी को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि क्वाटर नं बी/7 स्टाफ कालोनी राजस्थान निवासी विजय कुमार और पत्नी मंजू कुमार ने सुपेला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले चार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। इस मामले में कृष्णा नगर सुपेला निवासी मलेश्वर उर्फ मालेश राव फरार था।



■ सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना पकर उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेजा। राठौर ने बताया कि घटना 2021 की है। पीड़ित ने शिकायत में बाताया कि राजू खान, बलदेव सिंह भांबरा व उसके साथियों ने मिलकर पटवारी हल्का नंबर 14, खसरा नंबर 2628/14 प्लाट नं 93 बी, 216 वर्गमीटर जमीन का फर्जीवाड़ा किया था। उस जमीन को शिकायकर्ता ने साल 1994 में गृह निर्माण सहकारी समिति से खरीदा था। वर्ष 2020 में पीड़ित ने जब अपनी जमीन को आनलाइन चेक किया तो पाया कि वह जमीन दूसरे के नाम पर दिखा रही है। राजू खान, बलदेव सिंह समेत अन्य ने धोखाधड़ी कर उक्त भूमि को रजिस्ट्री कार्यालय से अन्य किसी के नाम से नामांतरण करवा दिया था। इस मामले में पुलिस ने राजू खान और चार अन्य को दोषी पाया और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

# वाहन से अफीम व डोडा बरामद, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अफीम व डोडा चूरा बेचने वाले एक आरोपी को पुलिस ने कैफेटरिया से गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी ब्रिज के नीचे ग्राम महमरा कैफेटेरिया के पास जीप सीजी 07 जेडडी 9956 का चालक अवैध रूप से अपने पास अफीम व डोडा का चूरा रखे हुए थे। वह उस चूरे को बेच रहा था। पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर पकड़ा। आरोपी ने अपनी पहचान ग्राम चिखली चौकी जेवरा सिरसा वर्तमान निवासी कादंबरी नगर दुर्ग सुरेन्दर सिंह (76 वर्ष) के रूप में बताई। आरोपी के पास से पुलिस ने डोडा चूरा, अफीम व घटना में उपयोग जीप वाहन व मोबाईल जब्त किया। जब्त सामान की कीमत 1.81 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नशीले चूरे को हाईवे पर चलने वाले ट्रक चालकों को बेचता है। कार्रवाई में अंजोरा चौकी प्रभारी खेलन सिंह साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा।

### आरोपी से यह सामान जब्त

- डोडा चूरा का 3.869 किग्रा, कीमत 58 हजार
- अफीम चिट्टा चिपचिपा वजन 57 ग्राम, कीमत 9 हजार
- पोर्टेबल इलेक्ट्रिानिक तौल मशीन कीमत 2 हजार।
- पुरानी जीप कीमत 1 लाख
- मोबाइल फोन कीमत 150।
- 11 हजार नगद






हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**श्रीमती सुनीता चन्नेवार**
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जामुल



**श्री जितेंद्र यादव**
सभापति
जिला पंचायत दुर्ग (छ.ग.)



**श्री रेखा राम बन्छोर**
पार्षद वार्ड नं. 3
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका जामुल



**श्री करीम खान**
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग-ग्रामीण



**सबीहा करीम खान**
पार्षद वार्ड नंबर - 1
नगर पालिका परिषद जामुल



**श्री जोगेश्वर सोनी**
सदस्य
छत्तीसगढ़ : राज्य गौ सेवा आयोग



**श्री ध्रुव कुमार गुप्ता**
प्राधिकृत अधिकारी
कृषक सेवा सहकारी समिति मर्या. कोहका



**श्री प्रशांत बंटी गुप्ता**
मंडल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी जामुल



**श्री भानु प्रताप यादव**
जिलाध्यक्ष - दुर्ग
छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ



**श्री कमलेश साहू**
कोषाध्यक्ष-वैश्य तेली समाज भिलाई
सचिव- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल



**श्रीमती जावंतीन देशमुख**
सरपंच
ग्राम पंचायत- बेलौदी, विकास खण्ड- दुर्ग



**श्री दीपक गुप्ता**
पार्षद वार्ड क्र. 5 गणेश नगर
नगर पालिका परिषद जामुल, जिला दुर्ग



**श्री तोरण वर्मा**
प्राधिकृत अधिकारी
कृषक सेवा सहकारी समिति मर्या. सिरसा विकास खंड दुर्ग



**श्री राजेंद्र वर्मा**
पूर्व अध्यक्ष
जनपद पंचायत सचिव संघ जिला -दुर्ग (छ.ग.)



**श्री हेमंत देवांगन**
सह -कोषाध्यक्ष
भिलाई जिला भारतीय जनता पार्टी



**श्री भूपेन्द्र कुमार साहू**
सभापति : संचार एवं संकर्म समिति
जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग



**श्री टिकेश्वरी देशमुख**
पूर्व सभापति - जनपद पंचायत दुर्ग
कार्यकारी अध्यक्ष - दुर्ग जिला कबड्डी संघ



**श्री अंजेश अग्रवाल**
अध्यक्ष
व्यापारी संघ जामुल जिला दुर्ग (छ.ग.)



**श्री सुखनंदन देशमुख**
महामंत्री
जेवरा-सिरसा मंडल भाजपा



**श्री मन्नू लाल यादव**
पूर्व एल्डरमेन
नगर पालिका परिषद जामुल जिला दुर्ग

ISPAT_BHOOMI_16_2025-05_Layout 1 16-Dec-25 12:17 AM Page 1

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

## सुपेला पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# मंदिर से डेढ़ लाख नकद पार दानपेटी छह साल से थी बंद






■ नेहरू भवन सुपेला के पास है मंदिर, सिक्कों को छोड़ा नोट साथ ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला में मंदिर से लाखों रुपए का चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू भवन रोड स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर के दान पेटी से लाखों रुपए नगदी चोरी कर लिया।

घटना सोमवार सुबह उस की है। जब सुबह पूजा के लिए पंडित मंदिर खोलने पहुंचे तो मंदिर का ताला खोलते ही दान पेटी खुला पड़ा मिला। दान पेटी में रखा पूरा नगदी गायब मिला। मंदिर समिति को खबर लगने पर काली माता मंदिर पहुंचे। चेक करने पर 6 साल से बंद पड़े दान पेटी में रखी गई नगदी गायब थी। बताया गया है कि मंदिर की दान पेटी में करीब डेढ़ से दो लाख रुपए तक की नगदी थी। चोर सिक्कों को छोड़कर नोट समेट कर ले गए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वह रोज की तरह सोमवार रात करीब 8.30 बजे पूजा के बाद मंदिर बंद कर घर चला गया था। रात में मंदिर परिसर पूरी तरह सूना रहता है। संदेह जताया जा रहा है कि तभी अज्ञात ने मंदिर में घुसकर दान पेटी को तोड़ा और उसमें रखे नकदी पार कर दी।

### सीसी कैमरों को खंगाल रही है पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों और भक्तजनों में चोरी की वारदात को लेकर आक्रोश है। लोगों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है।

## मकान में चोरी करने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** सूने मकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताय कि चरोदा निवासी शंकर राव पिघलकरमकान में ताला जड़कर रायपुर कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर सामान पार कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की खोजबीन शुरू किया गया। मुखबिर की सूचना चरोदा निवासी भुनेश्वर डहरिया उर्फ भक्कू को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात करीब 2 लाख रुपए का जब्त किया गया है। चोरी के नगदी रकम को आरोपी ने खर्चा करना स्वीकार किया।

## हादसे में घायल को पुलिस ने लौटाई सोने की अंगूठी

**भिलाई।** वायशेप ब्रिज दुर्ग में एक अज्ञात वाहन युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में सुपेला निवासी आशीष कुमार बुरी तरह घायल हो गया और वहीं बेहोश पड़ा रहा। राहगीरों के पुलिस को सूचना देने पर कुछ देर बाद वहां पहुंची नगर सैनिक महिला निष्ठा साहू ने आशीष की सोने की अंगूठी को सुरक्षित उठाकर सुरक्षा ट्रैफिक पुलिस के हवाले किया और अस्पताल पहुंचाने में मदद की। अस्पताल से उपचार के बाद ट्रैफिक पुलिस ने आशीष को नेहरू नगर स्थित ट्रैफिक टावर में बुलाया और वहां उसे उसकी सोने की अंगूठी सौंपी। आशीष ने महिला नगर सैनिक और ट्रैफिक पुलिस का धन्यवाद दिया।










हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

साधु-संतों की उपस्थिति में शंखनाद कर हुई शुरुआत



## सिटी इवेंट

## चेम्बर गौरव दिवस 19 को, व्यापार, उद्योग नवाचार व सामाजिक उत्थान पर रहेगा केंद्रित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भिलाई इकाई द्वारा 19 दिसंबर को चेम्बर गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान व्यापार, उद्योग, नवाचार और सामाजिक उत्थान की दिशा में कई महत्वपूर्ण जानकारी व्यवसायियों को दी जएगी। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण महिलाओं के लिए आयोजित सत्र होगा, जिसमें महिला स्वावलंबन और उद्यमिता को केंद्र में रखा गया है।

चेम्बर गौरव दिवस के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर महिला, उद्यमी महिला और समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला के रूप में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उनके प्रयासों को समाज के सामने उजागर करने के लिए किया जायेगा। महिला सत्र में विशेष रूप से गेस्ट स्पीकर्स आमंत्रित किए गए हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और नेतृत्व के विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। यह सत्र महिलाओं को न केवल प्रेरणा देगा बल्कि उन्हें व्यावहारिक जानकारी और अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान करेगा। उद्यम क्षेत्र से जुड़ी सफल महिलाओं को इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य महिलाएँ भी उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगी।

भिलाई चेम्बर का यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापार और उद्योग जगत में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करेगा। गौरव दिवस का यह विशेष सत्र महिलाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करेगा और उन्हें समाज व उद्योग जगत में नई पहचान दिलाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

आयोजन की जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुमन कन्नौजे ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से भिलाई चेम्बर यह संदेश देना चाहता है कि व्यापार और उद्योग का विकास तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। महिला स्वावलंबन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। आयोजन के लिए विशेष बैठक में महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे,रश्मि वर्मा,सविता शर्मा,सुनीता सोनी,माधुरी पराशर,टीना सातपुते एवम अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

## इस्पात नगरी भिलाई में 25 से 29 दिसम्बर तक बागेश्वर धाम महाराज की दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन

# ध्वज पूजन के साथ दिव्य हनुमंत कथा का आगाज

## शंखनाद और जय श्रीराम के नारों से गूंजा कथा स्थल

**भिलाई। ध्वज पूजन कार्यक्रम के साथ ही भिलाई में 25 दिसंबर से शुरू होने वाली सनातन धर्म के ध्वजवाहक पंडित धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य हनुमान कथा का आगाज हो गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने ध्वज और भूमि पूजन कर हनुमान जी का भगवाध्वज फहराकर हनुमंत कथा की तैयारियों का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में सोमवार को प्रवचन स्थल जयंती स्टेडियम मैदान में ध्वज पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, दिव्य हनुमंत कथा के संयोजक राकेश पाण्डेय, सेवा समर्पण समिति अध्यक्ष पंडित वीरेंद्र शुक्ला, शाही दशहरा आयोजन की संरक्षिका चारुलता पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म के विशिष्ट जन मौजूद थे। सभी अतिथियों ने आचार्य कान्हा महाराज के नेतृत्व में 11 पंडितो के समूहों द्वारा गणेश पूजन और हनुमान चालीसा पाठ कर महाआरती की और महाप्रसादी ग्रहण की।**



सेवा समर्पण संस्था द्वारा आयोजित दिव्य हनुमंत कथा की ध्वज पूजन के साथ ही औपचारिक शुरुआत हो गई है। अब आयोजन स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चलेंगी। आज ध्वज पूजन समारोह में बड़ी संख्या में सनातनी पहुंचे और कथा के आयोजन में यथासंभव अपनी अपनी सेवाएं देने की बात कहीं।



### दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के लोगों में उत्साह

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा देश दुनिया में प्रासंगिक है। सनातन धर्म का विस्तार और हिंदुओं की एकजुटता के लिए वे अग्रणी भूमिका में है। ऐसे में ट्वीनसिटी भिलाई में 25 से 29 दिसंबर तक होने वाली दिव्य हनुमंत कथा को लेकर दुर्ग-भिलाई ही नही पूरे प्रदेश के लोग उत्साहित हैं। सभी को हनुमान द्वारा किए गए श्रीराम की भक्ति और शौर्य गाथा श्रवण करने का पुण्य अवसर मिलेगा।

### यह रहे उपस्थित

दिव्य हनुमंत कथा ध्वज पूजन के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, ऊषा टावरी, माया बेलचंदन, समाज सेवक बसंत अग्रवाल सहित आयोजन समिति के सदस्य व बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित थे।



### प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी दिव्य हनुमंत कथा के कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वो भी कथा में शामिल होंगे और कथा व्यास पीठ से पं शास्त्री का आर्शिवाद लेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन के सुचारु रूप से संचालन के लिए प्रशासनिक दृष्टि से शासन-प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। पानी, बिजली, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत आवश्यकताओं से किसी को वंचित होना न पड़े इसके जिला स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### बाबा कराएंगे धर्मान्तरण करने वालों की घर वापसी



*कार्यक्रम के आयोजक कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने बताया कि बाबा बागेश्वर भिलाई में कथा कर रहे हैं, ये ट्विनसिटी वालों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। राकेश पाण्डेय ने कहा कि पं. धीरेंद्र शास्त्री लगातार छत्तीसगढ़ में तेज़ी से हो रहे हिंदुओं के धर्मान्तरण को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। हिंदुत्व को मजबूत करने के लिए ही बाबा ने नारा दिया है जात पात की करो बिदाई, हम सब हिन्दू भाई भाई। जिसके लिए हम सभी को मिलकर 25 से आयोजित होने वाले इस हनुमंत कथा को राम भक्त के रुप में स्वंयसेवक बनकर सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान जो हिंदू भाई धर्म परिवर्तन कर अपने सनातन धर्म को अपनाना चाहेंगे उनकी महराज द्वारा घर वापसी कराई जाएगी।*

## लाइव इवेंट

## नुक्कड़ नाटक कर एड्स जागरुकता का दिया संदेश, रैली निकालकर किया जागरुक



**भिलाई।** एड्स जैसी गंभीर और सामाजिक रूप से संवेदनशील बीमारी को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े के अंतर्गत कुरुद में रेडरबिन क्लब के तत्वावधान में एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही आम लोगों को संदेश देने के लिए प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एड्स और एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, इसके बचाव के तरीकों की जानकारी देना और समाज में संक्रमित लोगों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश दिया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर एड्स से डरें नहीं, जानकारी रखें, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से भेदभाव न करें, सुरक्षित व्यवहार अपनाएं, स्वस्थ जीवन जिएं जैसे प्रेरणादायक नारे लिखे थे।

### स्पर्धा का आयोजन

एड्स जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत यूनिवर्सिटी परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। रंगोली प्रतियोगिता का संचालन राग आरएसडीसी के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश बेहद सुंदर और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद रंगोली प्रतियोगिता में संजना प्रिंसि सिन्हा, खुशी कुमारी और गौरी महतो को विजेता घोषित किया गया। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन रेडिक्शन क्लब के सहयोग से किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एचआईवी-एड्स से जुड़े सामाजिक, मानसिक और स्वास्थ्य पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में आलोक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मंजीत कुमार द्वितीय और सृष्टि देवता तृतीय स्थान पर रहीं। क्विज में खुशी कुमारी, राहुल पांडे और नेहा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान हासिल किया।

### स्वास्थ्य विभाग ने की पहल की सराहना

जिला अस्पताल दुर्ग के एचआईवी विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों और आयोजकों की इस पहल की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा किया गया ऐसा प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाता है। डॉ. श्रीवास्तव ने एचआईवी की वर्तमान स्थिति, जांच और उपचार की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी और लोगों से समय पर जांच कराने की अपील की। एड्स रोकथाम स्टेट मास्टर ट्रेनर भाग्यश्री वर्मा ने भी अभियान की सराहना की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यधर्म भारती, डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीस, डॉ. रेजो रॉय और भूपेंद्र कुमार का योगदान रहा।



# अलग-अलग होता है भीतर और बाहर का संसार : धामेश्वरी देवी



**भिलाई।** राधा कृष्ण मंदिर, ब्रज मंडल सेक्टर 6, कालीबाड़ी के पास चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के पांचवें दिन जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज के प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी ने वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया।

उन्होंने बताया कि वास्तव में दो प्रकार का संसार होता है एक भीतर का संसार, दूसरा बाहर का संसार। कुछ ज्ञानी लोग कहते हैं कि संसार मिथ्या है और कुछ कहते हैं कि संसार सत्य है यह दोनों बातें वेदों शास्त्रों के अनुसार सही सिद्ध हो जाती हैं। वास्तव में हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि माया के विकार होते हैं। साथ ही मन सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, तीन तरह की माया के अधीन रहता है इसी कारण हमारे मन के विचार प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और यही कारण है कि संसार में किसी की किसी से नहीं पटती अर्थात विचारों में आपसी मतभेद रहता है। यह भीतर का संसार हमारे लिए ज्यादा खतरनाक होता है क्योंकि जैसे मानसिक विचार होते हैं वैसे ही व्यक्ति की प्रवृत्तियां हो जाती है कोई सतोगुणी, कोई रजोगुणी तो कोई तमोगुणी दिखाई पड़ता है। इसके विपरीत बाहर का संसार हमारे भौतिक शरीर को चलाने के लिए ईश्वर द्वारा बनाया गया है। बाहरी संसार सत्य है क्योंकि वह सदैव समान बना रहता है पंचतत्व का हमारा शरीर, पंचतत्व के बने इस सत्य संसार से ही ठीक ठीक चलता है।

देवी ने बताया कि कोई भी संसारी विचार मन में आते ही मन को वहां से हटाकर तुरंत भगवान में लगाना है। संसार से मन हटाना और भगवान में मन लगाना, निरंतर इसका अभ्यास करना होगा तभी अनादिकाल से संसार में आसक्त मन धीरे-धीरे भगवान में लगने लगेगा और वास्तविक गुरु की कृपा से मन पूर्ण रूप से भगवान के शरणागत हो जाएगा। संसार के स्वरुप का वेद शास्त्र आधारित और भी विवरण आगे प्रवचन में बताया जायेगा। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 21 दिसम्बर तक प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक होगा।

# अभाविप के 58वें प्रदेश अधिवेशन की तैयारियों का हुआ शुभारंभ



**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ का 58वां प्रदेश अधिवेशन 19, 20 और 21 दिसंबर को भिलाई स्थित सेक्टर-6 सिविक सेंटर के कला मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

तीन दिवसीय इस अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 550 से अधिक विद्यार्थी प्रतिनिधि भाग लेंगे। अधिवेशन में छात्र हित, शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्र निर्माण और संगठन से जुड़े विषयों पर विस्तार से मंथन होगा। अधिवेशन की तैयारियों के तहत सोमवार को अधिवेशन स्थल पर प्रदर्शनी व भोजन स्थल आदि का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कौशलेंद्र प्रताप सिंह, प्रांत प्रमुख सामाजिक सद्भाव छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि गंगाधर जाधव, जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग तथा अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत समिति के अध्यक्ष सजल जैन, सचिव सुरेंद्र कौशिक, अभाविप भिलाई नगर अध्यक्ष रितेश दुबे, नगर मंत्री आकाश कुमार साहू सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मॉडल टाउन में हुआ आयोजन, महाप्रसादी में शामिल हुए लोग

# राधा-कृष्ण मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उमड़ा जनसैलाब

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में वार्डवासियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मॉडल टाऊन स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही उड़िया बस्ती के लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग 25 वर्ष बाद पूर्ण हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने मिला। उत्कल बस्ती मॉडल टाऊन में करीब 7 हजार वर्गफीट एरिया में भव्य राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। सोमवार को मूर्ति स्थापना के लिए सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा की गई। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक भोग महाप्रसाद का वितरण और शाम 7 बजे भगवान की महाआरती की गई। विगत कई सालों से लोग मंदिर निर्माण के प्रयास में थे। मंदिर बना भी जो बाद में खंडहर में तब्दील हो गया। इस वजह से यह जगह नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का लंबे समय तक अड्डा बन गई थी। वार्ड पार्षद हरिओम तिवारी ने पहल करते हुए स्वयं के वेतन से करीब 2 लाखों रुपए खर्च कर बिना नगर निगम के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वार्डवासियों ने कहा कि मंदिर के बनने से चारों ओर भक्तिमय वातावरण है।





### मेरे नहीं, लोगों के सहयोग से हुआ निर्माण : हरिओम

पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण से लेकर मूर्ति स्थापना तक क्षेत्र के लोगों ने शारीरिक व मानसिक योगदान दिए हैं। विगत 25 वर्षों से उत्कल बस्ती के लोग मंदिर निर्माण व मूर्ति स्थापना के लिए प्रयासरत थे। एक छोटा मंदिर बना जरूर था लेकिन मूर्ति स्थापना नहीं हो पाई। देखते ही देखते कुछ सालों में यह मंदिर जर्जर हो गया। मंदिर निर्माण के लिए सबसे ज्यादा जरूरी था फंड। उन्होंने बताया कि वे अपने 17 माह का वेतन लगातार इस जर्जर मंदिर को एक नया स्वरूप दिया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।

### भक्ति गीतों की दी गई प्रस्तुति

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। वार्डवासियों द्वारा भगवान के साथ मंदिर परिक्रमा की गई। तत्पश्चात प्राण प्रतिष्ठा पूजन प्रारंभ हुआ। भगवान को अन्नवास, जलवास, वस्त्रवास की विधि मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण की गई और आरती के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। संपूर्ण वार्ड वासियों को महाभोग का वितरण किया गया जिसमें पूर्ण भोजन व मिष्ठान शामिल था। संध्या कालीन समय में सांस्कृतिक भक्तिमय भजन मंडली खम्हरिया द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में हरिभूमि ब्यूरोचीफ संदीप उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि दुर्ग प्रमोद सिंग, पार्षद संतोष मौर्य, केशव चौबे, रविशंकर कुर्रे, राजू साहू, भिलाई नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।


SSIPMT RAIPUR
Shri Shankaracharya Institute of Professional Management & Technology, Raipur
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION Computer Sc. & Engg
IDEALab
TOASTMASTERS INTERNATIONAL
ACCREDITED WITH GRADE A+ NAAC
INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL
इसरो isro iirs Nodal Center Online Courses
L&T EduTech
nirf-Innovation
National Institutional Ranking Framework for Innovation
Ministry of Education, Government of India
Ranking Band : 151-300
Civil Engineering
@ SSIPMT, Raipur
Make us Proud again
SSIPMT Raipur Celebrates Excellence!
Our Civil Engineers
Shine in CG VYAPAM Sub Engineer Recruitment.
CG VYAPAM SUB ENGG. 2025 EXAM
SOMYA DIWAN B.Tech - 2014-18 RANK - 5
TARUN KUMAR SAHU B.Tech - 2016-20 RANK - 19
PARUL SINGH CHANDEL M.Tech - 2024-26 RANK - 55
VAISHNAVI KALE B.Tech - 2014-18 RANK - 68
BHAWESH KUMAR MAHISHWAR M.Tech - 2024-26 RANK - 75
AMBUJ GROVER B.Tech - 2012-16 RANK - 15
CG VYAPAM SUB ENGG. 2024 EXAM
AJEET JANGDE RANK 6
VAIBHAV BANJARE RANK 13
AJITA PANDEY RANK 25
MADHUR THAKUR RANK 72
PRATEEK PATERIYA RANK 1
TUSHIT PANDEY RANK 4
SAVITA KOSHLE RANK 52
2025 YOP BATCH
8.5 LPA
UTKARSH SHARMA
AKASH SEN
5.5 LPA
SHREYA SINGH
5.4 LPA
JAY VARSANI
4.5 LPA
ROSHAN PAL
DEVENDRA SAHU
DIBIN DINESAN
4.0 LPA
SANJIVANI JAIN
TANU SINGH
SHASHANK SAHU
DIVYANSHI SAHU
3.5 LPA
AMISH BAGDE
AYUSH SONI
BHUPATI GORAI
MEENAKSHI
**SSIPS & JSCN are on the same Raipur Campus
AFCONS
JSW
Johnson Controls
RAHEJA DEVELOPERS
SOBHA PASSION AT WORK
AIS Asahi India Glass Ltd.
NCC NCC Limited
L&T Construction
HYUNDAI ENGINEERING & CONSTRUCTION
EVEREST
UltraTech CEMENT BUILDING PRODUCTS
SELEATION
SOLIDMIX
AARTI GROUP
DLF
NUVOCO Shaping a new world
PIE INFOCOMM
SHAILY INFRA
MANORAMA INDUSTRIES LIMITED
And Many More..
SCAN HERE
+91 88784 44000 | +91 95222 19177 | +91 7713501600-02
Old Dhamtari Road, Mujgahan, Raipur (C.G.) PIN : 492015
info@ssipmt.com
www.ssipmt.edu.in

हरिभूमि भिलाई संस्करण की 24वीं स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

GT DIAGNOSTICS
भिलाई का सर्वश्रेष्ठ एवं भरोसेमंद डायग्नोस्टिक सेंटर

3 टेस्ला
अत्याधुनिक MRI मशीन



अब आपके शहर भिलाई, छत्तीसगढ़ में

3T MRI मशीन की विशेषताएँ:

- अब स्कैनिंग सिर्फ 5-10 मिनट में
- डर और घुटन का बिल्कुल भी अहसास नहीं
- उच्चतम गुणवत्ता वाली तस्वीरें







फ्री एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध

अभी संपर्क करें

2/2 प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम, भिलाई, छत्तीसगढ 490020

964 422 2511 , 735 422 2511, 788 422 2511
www.gtdiagnostics.in